[This question paper contains 8 printed pages.]

**2854** *Your Roll No.* ............

आपका अनुक्रमांक ______

**B.El.Ed.** **J**

Paper OP – 4.4

(Pedagogy of Social Science)

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks : 35*

समय : 2 घण्टे पूर्णांक : 35

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी :- इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*Attempt* **five** *questions in all.*
**All** *questions carry equal marks.*

कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

P.T.O.

1. Explain the significance of census data in understanding the spatial organisation orienteration of Indian society. (7)

भारतीय समाज की स्थानिक व्यवस्था और अंतःक्रिया को समझने में जनगणना आंकड़ों के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

2. "The understanding of Language seems to provide the key to the social science." Do you agree with this statement ? From your internship experience, give instances of the role played by Language in children's understanding of concepts and how did you try to address them ? (7)

"भाषा का बोध समाजविज्ञान के लिए कुंजी प्रदान करने का काम करता प्रतीत होता है।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने प्रशिक्षण अभ्यास अनुभव से बच्चों द्वारा संकल्पनाओं को समझने के लिए भाषा द्वारा निभाई गई भूमिका से उदाहरण दीजिए और बताइए कि आपने उन्हें कैसे संबोधित किया ?


3. It has generally been observed or commented that most schools do not display the same enthusiasm in Celebrating Eid/Ramzan as compared to Diwali. What is your experience about the above observation during your primary and middle internship. Explore the issues involved. (7)

सामान्यत: यह देखा गया है या यह टिप्पणी की जाती है कि अधिकतर विद्यालय दीवाली मनाने की तुलना में ईद/रमज़ान मनाने में कम उत्साह दिखाते हैं। प्राथमिक और माध्यमिक कक्षा प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान उपर्युक्त प्रेक्षण के संबंध में आपका अनुभव क्या है ? समाविष्ट मुद्दों को भी उभारिए।

4. Study the given picture and the text below it :

Why don't we know for sure whether ancient Indraprastha was located on the spot where the Purana Qila stands ?

There are several reasons for this. First of all, we are not sure whether the *Mahabharata* is purely a legend, or whether it is a legend based on events that actually happened. Secondly, even if some of the events and people mentioned in the story were real, the evidence from the excavations at the Purana Qila really doesn't tell us about these events or people. What it does tell us is that there was a very old settlement at or near the Purana Qila perhaps from about 1000 B.C. onwards.



These terracotta ring wells found in the Purana Qila excavations were probably used as soak-pits into which waste water was drained.

Many times children wonder how anyone gets to know about something which happened some hundreds or thousands of years back.


How would you use the given material to answer their queries ? (7)

दिए गए चित्र को और उसके नीचे दी गई विषयसामग्री को पढ़िए :

हम निश्चित रूप से यह क्यों नहीं जान पाते कि प्राचीन इन्द्रप्रस्थ उसी स्थान पर था जहाँ आज पुराना किला है ?

इसके अनेक कारण हैं । पहला यह कि हम निश्चित तौर पर यह नहीं कह सकते कि महाभारत विशुद्ध रूप से एक उपाख्यान है या वह

वास्तव में घटित घटनाओं पर आधारित एक उपाख्यान है। दूसरे, यदि कहानी में उल्लिखित कुछ घटनाओं और व्यक्ति यथार्थ में थे तो पुराना किला की खुदाई से प्राप्त साक्ष्य हमें इन घटनाओं और व्यक्तियों के बारे में वस्तुतः कुछ नहीं बताते। यह हमें केवल यह बताते हैं कि शायद लगभग 1000 ई० पू० के बाद का कोई बहुत पुरानी बस्ती पुराना किला के पास रही होगी।




पुराना किला की खुदाई में प्राप्त ये पक्की मिट्टी के वलयकूप संभवतः जलचूषणगर्तों के रूप में प्रयुक्त किए जाते थे जिनमें धोवन जल का निकास होता था।

बहुत बार बच्चे यह आश्चर्य करते हैं कि कोई किसी चीज़ घटना के बारे में कैसे जान सकता है जो कुछ सौ या हज़ारों वर्षों पहले घटित हुई थी।

आप उनके प्रश्नों/जिज्ञासाओं के उत्तर/समाधान के लिए दी गई सामग्री का उपयोग कैसे करेंगे ?

5. **Map of Nanda Devi National Park Trek**





How is the above map different from the maps of India/States/Regions used in the textbooks ?

What information is available in the given map ?

What is the potential of using similar maps in your classrooms ? (7)

नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान ट्रैक का मानचित्र




उपर्युक्त मानचित्र पाठ्यपुस्तकों में प्रयुक्त भारत/राज्यों/क्षेत्रों के मानचित्रों से किस प्रकार भिन्न है ?

दिए गए मानचित्र में कौन-सी सूचना उपलब्ध है ?

अपनी कक्षा में इस प्रकार के मानचित्रों के उपयोग की संभाव्यता क्या है ?

6. "---- Yet the fact remains that the inability of the social sciences to make exact predictions may not stem from any faults in the techniques being adopted, but have everything to do with the nature of what is being investigated." Explain the nature of social science with reference to the above statement. (7)

" - - - यह तथ्य फिर भी मौजूद है कि परिशुद्ध प्रागुक्तियाँ करने की समाज-विज्ञानों की असमर्थता अपनाई गई तकनीकों में किन्हीं त्रुटियों से न हो अपितु उसका संपूर्ण लेना देना उसकी प्रकृति से ही हो जिसकी जाँच/अन्वेषण किया जा रहा है।" उपर्युक्त कथन के संदर्भ में समाजविज्ञान की प्रकृति को स्पष्ट कीजिए।

7. Identify **any three people** you have come across, who work in unorganised sector in Delhi. Explain their nature of work/economic activity what is their contribution towards the development of Delhi ? (7)

आपके संपर्क में आए दिल्ली के असंगठित क्षेत्रक में काम करने वाले किन्हीं तीन व्यक्तियों का अभिनिर्धारण कीजिए। उनके कार्य के स्वरूप/आर्थिक क्रिया को स्पष्ट कीजिए। दिल्ली के विकास के प्रति उनका क्या योगदान है ?